भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2801
उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2026

डाकघर के आधुनिकीकरण का कार्य

2801. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर के सभी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलने की योजना के कार्यान्वयन में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार दिल्ली के सभी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में पीओपीएसके खोलने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) तुगलकाबाद स्थित डाकघर का आधुनिकीकरण कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) विदेश मंत्रालय ने डाक विभाग (डीओपी) के सहयोग से प्रत्येक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, जहां पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) अथवा डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) मौजूद नहीं है, के प्रधान डाकघर/डाकघर में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके)

स्थापित करने का निर्णय लिया है। 543 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में से, वर्तमान में 515 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र या तो किसी पीएसके (93) या पीओपीएसके (456) द्वारा कवर किए गए हैं। शेष लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में पीओपीएसके का प्रचालन, विभिन्न कारकों जैसे - उपयुक्त स्थान की पहचान, सिविल और इलैक्ट्रिकल कार्य पूरा होने और क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा उन्हें तकनीकी सक्षमता प्रदान करने पर निर्भर करता है।

(ख) दिल्ली के सभी सात लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र या तो किसी पीएसके या पीओपीएसके द्वारा कवर किए गए हैं।

(ग) तुगलकाबाद डाकघर का नियोजित आधुनिकीकरण कार्य पूरा हो गया है। आईटी आधुनिकीकरण परियोजना 2.0 के तहत इस डाकघर में उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) की सफलतापूर्वक शुरुआत की गई है। दिनांक 27.04.2026 से इस डाकघर को शाखा डाकघर से उप-डाकघर में अपग्रेड भी कर दिया गया है।

******